Dr. Gobind Kr Paswan
Assistant Professor
Department of History
RCS College, Manjhaul Begusarai (LNMU, Darbhanga)
Class- B.A Part-III
Topic - Short Questions and Answer

१. वित्तीय आपातकाल से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- केंद्र सरकार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 360 के तहत वित्तीय आपातकाल के प्रावधान लागू करने के अधिकार हैं। अनुच्छेद 360 के अंतर्गत दोनों सदनों में वित्तीय आपातकाल के प्रस्ताव की मंजूरी आवश्यक है।

अनुच्छेद 360 के अंतर्गत यदि आपातकाल लागू किया जाता है इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में कमी करने के अधिकार मिल जाते हैं। इसमें उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भी शामिल होते हैं। केंद्र को वित्तीय मामले में इससे भारी राहत मिलती है। सभी राज्यों के वेतन भत्तों और पेंशन को रोका या कम किया जा सकता है। 2019-20 के लिए यह राशि लगभग 9 लाख करोड रुपए है। केंद्र के असैन्य कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का खर्च लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए है।

आपातकाल लागू करने पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में कटौती करने की छूट मिल जाती है। अभी 11.5 लाख करोड़ रुपए सरकार को खर्च करना पड़ता है। यदि इसमें 20 फ़ीसदी की भी कमी की गई तो सरकार को 2.30 लाख करोड़ रुपए की बचत होगी।

अनुच्छेद 360 के अंतर्गत वित्तीय आपातकाल लागू करने पर सरकार को वित्तीय स्वामित्व के सभी मानक लागू करने के अधिकार केंद्र एवं राज्य में मिल जाते हैं। केंद्र सरकार सभी राज्य सरकारों पर वित्तीय स्वामित्व लागू कर सकता है। राज्यों के बजट भी केंद्र सरकार को पारित करने के अधिकार मिल जाते हैं।

२. भारत में आपातकाल कब लागू किया गया?
उत्तर- भारत में तीन आपातकाल लागू किए गए हैं। 1962 के चीन युद्ध के समय,1971 में पाकिस्तान के युद्ध के समय तथा 1975 में आंतरिक गड़बड़ी का हवाला देकर राष्ट्रीय आपातकाल, संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत लगाया गया था।

३. राष्ट्रीय आपातकाल किसे कहते हैं?

उत्तर- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 में राष्ट्रीय आपातकाल का प्रावधान है. राष्ट्रीय आपातकाल उस स्थिति में लगाया जाता है जब पूरे देश को या इसके किसी भाग की सुरक्षा को युद्ध अथवा बाह्य आक्रमण अथवा सशक्त विद्रोह के कारण खतरा उत्पन्न हो जाता है. भारत में पहला राष्ट्रीय आपातकाल इंदिरा गाँधी की सरकार ने 25 जून 1975 को घोषित किया था और यह 21 महीनों तक चला था.